# केन्द्रीय विद्यालय,एन.डी.ए.,पुणे-23

## अर्द्धवार्षिक परीक्षा [2018-19]

## विषय - हिन्दी(उत्तर कुंजी)

पूर्णांक:- 80 - कक्षा - नवमी अवधि - 3घंटे

प्रश्न न 1-

1.मन के निर्माण में माता -पिता एव और स्वयं सहयोग होता है|1

2. शिशुओं कोउच्च चरित्र एवं साहस की कहानियाँ सुनाकर| 1

3. शैशवावस्था में शिशुओं को उच्च चरित्र एवं साहस की कहानियाँ सुनकर उसे निर्भीक, सच्चरित्र व्यक्ति के रूप में ढाला जा सकता है। 2

4 'किंग ब्रूस एंड स्पाइडर' की कहानी हमें यह शिक्षा देती है कि मकड़ी अनेक बार असफल होने पर भी अंततः ऊपर चढ़ने में भी सफल हो जाती है। 2

5. राणा प्रताप ने बच्चों को भूख से बिलखते देख कर साहस खो दिया था, परंतु वे शीघ्र ही इस पर काबू पा गए। अतः महापुरुष कहलवाए। 2

1. प्रश्न 2- रघुकुल में यह अभागिनी रानी कैकेई थी | 1

2. 'पागल-सी प्रभु के साथ' में उपमा अलंकार का प्रयोग हुआ है| 1

3. 'जननी' शब्द का पर्यायवाची दो पर्यायवाची शब्द--- माता ,माँ | 2

4. रानी कैकेई ने भरत सा भाई जना | उसे अपने पुत्र को राजा बनाने का महास्वार्थ घेर रखा था 2

5- धिक्कार उसे था.................... पंक्ति में घृणा के भाव प्रकट हो रहा है क्योकि रानी ने राज्य के बारे में नहीं सोचा ,सिर्फ अपने पुत्र के स्वार्थ के बारे में सोचा |

### खंड - ख (व्यावहारिक व्याकरण)

प्र.3- निर्देशानुसार उत्तर दीजिए - 1x8=8

क) सत +जन

ख) विज्ञान ,विजय

ग) अभिमान +ई

घ) आनंदित ,शोभित

ङ) दुकानदार ,किराएदार

ii) क-प्रतिदिन = प्रत्येक दिन (अव्ययीभाव ) 1

ख- गंगा और जमुना (द्ंद समास )

ग- महान राजा (कर्मधारय समास )

प्र.4-क) विस्मयवाचक 1

ख) प्रश्नवाचक 1

ग) आज्ञावाचक 1

ii) निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशनुसार वद्लिए

क) अरे ! रमा पाँचवी कक्षा में पढ़ती है 1

ख) शायद मै बाहर चला जाऊं| 1

प्र.5-

क) अतिशयोक्ति 1

ख) अनुप्रास 1

ग) यमक 1

घ) उपमा 1

(खण्ड ग)

प्रश्न न -06क) कानपुर में भीषण हत्याकांड करने के बाद अंग्रेजों का सैनिक दल बिठूर की ओर नाना साहब के राजमहल लूटने के इरादे से गया | 1

(ख) बिठूरमहल लूटने के बाद अंग्रेजों ने तोप के गोलो से नाना साहब का महल भस्म कर देने का निश्चय किया। वे नाना से संबंधित सभी निशानी को मिटा देना चाहते थे |

(ग) सैनिक दल कन्या को महल में देखकर आश्चर्यचकित रह गए क्योंकि महल लूटने के समय वह बालिका वहाँ कंही दिखाई न दी थी

प्रश्न न07– निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–2x 4=8

क) इस कहानी के माध्यम से निम्नलिखित नीति विषयक मूल्य उभर कर सामने आए हैं
   1- एकता में शक्ति होती है अपने साथ-साथ दूसरों पर भी सोचना चाहिए|
   2- सच्चा मित्र मुसीबत के समय किसी भी स्थिति में साथ कभी नहीं छोड़ता है |
   3- समाज की सुखी संपन्न लोगों को भी अन्य वर्गों की भलाई में योगदान देना चाहिए |
   4- आजादी बहुत बड़ा मूल्य है इसे पाने के लिए मनुष्य को बड़े से बड़े कष्ट उठाने को तैयार रहना चाहिए |

ख) एक बार बचपन में सलीम अली की एयरगन से एक गौरेया घायल होकर गिरपड़ी| इस घटना ने सालिम अली की जीवन की दिशा को बदल दिया|वे गौरैया की देखभाल सुरक्षा और खोजबीन में जुट गए उसके बाद उनकी रुचि पूरी पक्षी- संसार की ओर मुड़ गई|वे पक्षी प्रेमी बन गए|

ग) दो बैलों की कथा नामक पाठ में एक नहीं अनेक घटना है इससे पता चलता है कि हीरा मोती में गहरी दोस्ती थी जैसे---
   1- दोनों बैल हल या गाड़ी में जोत दिए जाते और गर्दन हिला- हिला कर चलते उस समय हर एक की चेष्टा होती कि ज्यादा से ज्यादा बोझ मेरी गर्दन पर रहे|

2- दिन भर के बाद दोपहर या संध्या को दोनों खुलते तो एक दूसरे को चाट-चाट कर अपनी थकान मिटा देते,नांद में खली भूसा पड़ जाने पर दोनों साथ उठते साथ नांद मेंमुँह डालते और साथ ही बैठते थे |एक हटा लेता तो दूसरा भी हटा देता था|

3- मटर खाते समय मोती के पकड़े जाने पर हीरा भी वापस आ गया और दोनों ही कांजीहौस में बंदी बनाए गए कांजीहौस की दीवार टूटने पर वे दोनों एक साथ ही भागते हैं और दढ़ियल का मुकाबला भी करते हैं |

घ) लेखक को इस यात्रा के दौरान अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा ----

1- जगह-जगह रास्ता कठिन था साथ ही परिवेश बिल्कुल नया था |

2- उनका घोड़ा बहुत सुस्त था| इस वजह से लेखक अपने साथियों से बिछड़ गया और अकेले में रास्ता भूल गया|

3- डाकू जैसे दिखने वाले लोगों से भीख मांगनी पड़ी |

4- भिखारी के वेश में यात्रा करनी पड़ी|

5- समय से न पहुंच पाने पर सुमति के गुस्सा का सामना करना पड़ा|

6- तेज धूप में चलना पड़ा था अपना सामान भी स्वयं धोना पड़ा था |

प्रश्न न0 8-

1) कवि - कबीरदास ,पाठ- सबद 1

2) कवि के अनुसार ईश्वर हर मनुष्य के साँसों में हैं और सच्ची लगन से खोजने पर मिल सकते हैं| 2

3) मनुष्य ईश्वर को मंदिर,मस्जिद योग, बैराग्य आदि धार्मिक कर्मकांड में ढूँढते फिरते है|2

प्रश्न न09– निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2x5=10

क) कवि के अनुसार सच्चा संत वह है जो सांप्रदायिक भेदभाव, तर्क- वितर्क औरबैर- विरोध के झगड़े में ना पडकर निश्चल भाव से प्रभु की भक्ति में लीन रहता है |

ख) कवयित्री ने सुझाव दिया है कि भोग और त्याग के बीच संतुलन बनाए रखो| ना तो भोगों में लिप्त रहो और नहीं शरीर को सुखाओ बल्कि मध्यम मार्ग अपनाओ तभी प्रभु मिलन के द्वार खुलेंगे |

ग) कवि को ब्रजभूमि से गहरा प्रेम हैं | वह इस जन्म में ही नहीं अगले जन्म में भी ब्रजभूमि का वासी बने रहना चाहता है| ईश्वर अगले जन्म में उसेग्वाला बनाए गाय बनाए पक्षी बनायें , पत्थर बनाएँ - वह हर हाल में ब्रज भूमि में रहना चाहता है वह ब्रजभूमि के वन,बाग, सरोवर और करील-कुंजों पर अपना सर्वस्व निछावर करने को भी तैयार है |

घ) ब्रिटिश शासन की तुलना तम प्रभाव से की गई है क्योंकि ब्रिटिश शासकों ने बेकसूर भारतीयों पर अत्याचार किए| उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों को कारागृह में तरह-तरह की यातनाएं दी |उन्हें कोल्हू के बैल की तरह जोता गया |

ङ) गांव के चारों ओर मखमली हरियाली और रंगों की लाली छाई हुई है| विविध फसलें लहलहा रही है| वातावरण मनमोहक सुगंध से भरपूर है| रंगीन चिड़िया उड़ रही है| चारों

ओर रेशमी सौंदर्य छाया हुआ है। सूरज की मीठी मीठी धूपइस सौंदर्य को और जगमगा रही है ।इसलिए इस गांव की तुलना मरकत के डिब्बे से की गई है।

प्रश्न न010 -शिक्षा पाना बच्चों का जन्मसिद्ध अधिकार है। जिस बच्चे का जन्म हुआ है उसे उचित विद्यालय में शिक्षा मिलनी ही चाहिए। यदि कहीं शिक्षा की व्यवस्था नहीं है तो उसके लिए उचित प्रबंध किया जाना चाहिए। लेखिका कर्नाटक के छोटे से कस्बे में रहती थी। वहां उसके दो बच्चों को पढ़ाने की व्यवस्था नहीं थी ।स्कूल खुलवाने की भरपूर कोशिश की। उसके पास के कैथोलिक से प्रार्थना की कि वे स्कूल खोले परंतु बिशप तैयार नहीं हुए। उन्होंने अपनी कोशिशों से कुछ उत्साही लोगों को साथ लगाकर वहां एक अच्छा स्कूल खुलवाया ।उसके तथा अन्य अफसरों के बच्चेपढ़ें तथा बाद में बड़े-बड़े स्कूलों में भर्ती होने योग्यबन गए | 5

प्रश्न न0 11--- क) बिन्दुओं का विस्तार 2

ख) भाषा शैली 2

ग) अभिव्यक्ति की मौलिकता 3

घ) सृजनात्मकता 3

प्रश्न न0 12 ---

क) उचित प्रारूप 1

ख) भाषा 2

ग) सृजनात्मकता एवं विचार 2